उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 09 /10/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2023-25/05-परीक्षा/2023
लखनऊ : दिनांक : 10 जनवरी, 2025

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-05-परीक्षा/2023, लेखा परीक्षक एवं सहायक लेखाकार (सामान्य चयन) मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2022)/05 की लिखित परीक्षा दिनांक 05-01-2025 को लखनऊ जनपद में आयोजित की गयी थी। तत्क्रम में उक्त लिखित परीक्षा की Provisional उत्तर कुंजी आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 09-01-2025 द्वारा अभ्यर्थियों के अवलोकनार्थ आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी थी।

उक्त के क्रम में सम्बन्धित अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 09-01-2025 को प्रकाशित Provisional उत्तर कुंजी पर यदि कोई आपत्ति हो तो वह आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध आपत्ति दर्ज करने सम्बन्धी लिंक https://auditor-assistant-accountant-exam-05012025.answer-objections.com/ पर जाकर निम्नलिखित चरण/ प्रक्रिया का पालन करते हुए अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं-

Instructions in English

Kindly read the following instructions carefully before submitting objections:

1. This portal provides you a platform to raise objections against the questions asked in 05-Exam/2023 Auditor and Assistant Accountant (Samanya Chayan) Mains Examination (PET-2022)/05, conducted on 05-01-2025.
2. Objections can be raised against the provisional answer keys given in the Master Question Paper published on UPSSSC website.
3. To submit objections first Login to the Objection Window by entering your registration number, roll number and date of birth. Then after select the question against which objection has to be raised and register your objection.
4. Candidate will have to register his/her objection by selecting his answer and the type of objection from the dropdown menu visible in the Objection Window.
5. Candidate will have to upload document in support of his/her objection in the form of pdf /jpeg file (with file size less than 5MB).
6. Candidate can submit one or more than one objection and Objection fee of Rs. 100 per objection submitted will have to be paid by the candidate online for successful submission of objection by clicking on the "Final Submission" option. Candidate can view the submitted objections by clicking on the "Acknowledgement". Candidate can also take print of the objection summary by clicking on the print icon.
7. No addition/modification will be allowed in the objections raised once payment process is completed successfully.
8. Please note that the sequence of question and their answer is as per the Provisional answer key published on the Commission's official website.

INSTRUCTIONS IN HINDI

आपत्तियां दर्ज करने से पहले कृपया निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें-:

1. यह पोर्टल आपको दिनांक 05-01-2025 को आयोजित की गयी 05-परीक्षा/2023, लेखा परीक्षक एवं सहायक लेखाकार (सामान्य चयन) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2022)/05 में पूछे गए प्रश्नों के सापेक्ष आपत्तियां दर्ज करने की सुविधा प्रदान करता है।

2. आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किए गए मास्टर प्रश्न पत्र की औपबंधिक उत्तर कुंजी के आधार पर आपत्ति दर्ज की जा सकती है।

3. अभ्यर्थी आपत्ति दर्ज करने के लिए सर्वप्रथम अपना रजिस्ट्रेशन नंबर, रोल नंबर और जन्मतिथि दर्ज कर ऑब्जेक्शन विंडो में लॉगइन करें। इसके पश्चात् प्रश्न का चयन कर प्रश्न के संबंध में आपत्ति दर्ज करें।

4. अभ्यर्थी को अपनी आपत्ति दर्ज करने हेतु ऑब्जेक्शन विंडो में दर्शित ड्रॉपडाउन मेनू से अपना उत्तर और आपत्ति प्रकार का चयन करना होगा।

5. अभ्यर्थी को अपनी आपत्ति के समर्थन में डॉक्यूमेंट (5MB से कम फाइल साइज की पी.डी.एफ. /jpeg फाइल) अपलोड करना होगा।

6. अभ्यर्थी एक या एक से अधिक आपत्ति दर्ज कर सकते हैं और आपत्ति को सफलतापूर्वक दर्ज करने हेतु अभ्यर्थी को "Final Submission" option पर क्लिक करते हुए आपत्ति शुल्क के रूप में 100 रुपये प्रति आपत्ति की दर से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। अभ्यर्थी "Acknowledgement" पर क्लिक करके दर्ज किये हुए आपत्तियों को देख सकते हैं। अभ्यर्थी प्रिंट आइकन पर क्लिक करके आपत्ति के विवरण का प्रिंट आउट प्राप्त कर सकते हैं।

7. भुगतान प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण हो जाने के बाद दर्ज की गई आपत्तियों में किसी भी प्रकार के संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

8. कृपया ध्यान दें कि प्रश्नों का क्रम एवं उनके उत्तर आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित औपबंधिक उत्तर कुंजी के अनुसार हैं।

अभ्यर्थी उपर्युक्त लिंक के माध्यम से ही Provisional उत्तर कुंजी पर अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। अन्य किसी माध्यम से यथा- डाक/प्रत्यावेदन द्वारा उत्तर कुंजी के सम्बन्ध में दी गयी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी। सूच्य है कि आपत्ति दर्ज करने की अन्तिम तिथि 16-01-2025 है। उक्त तिथि के उपरान्त आपत्ति दर्ज करने की सुविधा स्वतः समाप्त हो जायेगी।

परीक्षा नियंत्रक,

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

लखनऊ।